# विषय-वाणिज्य एवं प्रबंध के मूलतत्त्व Set-A

निर्देश—(i) सभी प्रश्नों को हल कीजिए।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 में 10 अंक निर्धारित हैं। इसमें दो उपखण्ड हैं। खण्ड (अ) में 5 बहुविकल्पीय प्रश्न तथा खण्ड (ब) में 5 रिक्त स्थानों की पूर्ति हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक आबंटित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 250 शब्द है।

**खण्ड (अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) प्रबन्ध का आधुनिक कार्य किसे कहा जाता है ?

(अ) सन्देश वाहन (ब) नवाचार

(स) नियोजन (द) प्रतिनिधित्व

(ii) हेनरी फेयोल के अनुसार प्रबन्ध प्रक्रिया के प्राथमिक कार्य हैं :

(अ) 5 (ब) 6

(स) 8 (द) 10

(iii) अभिप्रेरणा का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

(अ) उत्पादन में मितव्ययिता

(ब) उपक्रम को सशक्त बनाना

(स) कर्मचारियों को स्वेच्छा से कार्य करने हेतु प्रेरित करना

(द) श्रम एवं पूँजी में मधुर संबंध

(iv) कम्पनी की सभा में निर्णायक मत देने का अधिकार किसे होता है ?

(अ) सभापति (ब) सचिव

(स) ऋणपत्रधारी (द) अंशधारी

(v) हमारे देश में नवीन आयात-निर्यात नीति की घोषणा कब की गई ?

(अ) 1 अप्रैल, 2002 (ब) 31 मार्च, 2002

(स) 1 सितम्बर, 2002 (द) 2 अक्टूबर, 2001

1. **खण्ड (ब)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) अधीनस्थों को सीमित रूप में अधिकारों का हस्तांतरण .................. कहलाता है।

(ii) भारत सरकार द्वारा उदारीकरण एवं भू-मण्डलीकरण की नीति .......... वर्ष में अपनाई गई।

(iii) .................. का उद्देश्य उद्यमी में प्रबंधकीय कौशल का विकास करना है।

(iv) अभिप्रेरणा से .................. की अनुपस्थिति में कमी होती है।

(v) अंशधारियों की पहली सभा .................. सभा भी कहलाती है।

2. उदाहरण द्वारा नियंत्रण क्या है ?
3. भर्ती के आन्तरिक स्रोतों के नाम लिखिए।
4. सभा का सूक्ष्म से आपका क्या आशय है ?
5. किस प्रकार की कंपनियों के लिए वैधानिक सभा बुलाना अनिवार्य नहीं है ? कोई दो स्पष्ट कीजिए।
6. गश्ती पत्र किसे कहते हैं ?
7. व्यापारिक पत्रों में दिनांक लिखने का ढंग स्पष्ट कीजिए।
8. पूर्वाधिकार अंशों की दो विशेषताएँ लिखिए।
9. उद्यमिता विकास से क्या आशय है ? स्पष्ट कीजिए।
10. प्रबंध एवं प्रशासन के बीच किन्हीं **तीन** बिन्दुओं में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
11. एक सफल कम्पनी सचिव के किन्हीं **तीन** गुणों को समझाइए।
12. एजेंसी पत्र किन्-किन दशाओं में लिखे जाते हैं ? (कोई **तीन**)
13. सरकार की कर नीति से व्यावसायिक वातावरण कैसे प्रभावित होता है ? स्पष्ट कीजिए।
14. छत्तीसगढ़ सरकार की औद्योगिक नीति के किन्हीं **तीन** प्रमुख उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए।

15. प्रशिक्षण की कोई **तीन** विशेषताएँ लिखिए।

16. अंशधारी और ऋणपत्रधारी में कोई **चार** अंतर लिखिए।

**अथवा**

देशी बैंकर एवं व्यापारिक बैंकर में किन्हीं **चार** बिन्दुओं में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

17. भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के **चार** प्रमुख कार्यों को समझाइए।

**अथवा**

देशी बैंकर की लोकप्रियता के **चार** प्रमुख कारण समझाइए।

18. संगठन के किन्हीं **चार** उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

टेलर एवं फेयोल के प्रबंध संबंधी दृष्टिकोणों में प्रमुख असमानताएँ बताइए।

19. एक सुदृढ़ अभिप्रेरण प्रणाली के किन्हीं चार तत्वों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

नियंत्रण के किन्हीं **चार** महत्वों का वर्णन कीजिए।

20. एक नवीन साझेदार के प्रवेश के कारण साझेदारी में हुए परिवर्तन की सूचना देते हुए एक गश्ती पत्र लिखिए।

**अथवा**

व्यापारिक पत्र के किन्हीं चार कार्यों का उल्लेख कीजिए।

21. अधिविकर्ष सुविधा लेने हेतु ग्राहक की ओर से बैंक को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

भारतीय जीवन बीमा निगम से आपकी पॉलिसी क्र. F/435657-08/97 पर ऋण लेने हेतु संभागीय प्रबंधक, जेल तिराहा, रायपुर को एक पत्र लिखिए।

22. प्रबंध के किन्हीं **पाँच** महत्वों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

नियोजन की तकनीक या प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। (कोई **पाँच**)

23. धनात्मक एवं ऋणात्मक अभिप्रेरणा में कोई **पाँच** अन्तर स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

"वित्त व्यवसाय का जीवन रक्त है।" किन्हीं **पाँच** बिन्दुओं में समझाइए।

24. लाभों का पुनर्विनियोग क्या है ? इसके किन्हीं चार प्रमुख लाभों को समझाइए।

**अथवा**

यूनिट ट्रस्ट ऑफ इण्डिया की स्थापना कब हुई ? इसकी स्थापना के उद्देश्य एवं लाभ समझाइए।

25. मेसर्स ज्योति मेडिकल स्टोर्स, महासमुन्द, को ₹ 50,000 का चेक दिया गया जो रास्ते में कहीं खो गया है। बैंक को उस चेक का भुगतान रोकने के लिए एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

ज्योति क्लॉथ स्टोर्स, पंडरी, रायपुर की ओर से मेसर्स दिग्जाम क्लॉथ मिल्स, मुम्बई को नमूने के अनुसार माल न होने पर एक शिकायती पत्र लिखिए।

26. वैधानिक रिपोर्ट क्या है ? इसकी विषय-सामग्री को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

कम्पनी सचिव के अधिकारों का वर्णन कीजिए। (कोई **छः**)

27. राजनीतिक वातावरण से व्यवसाय किस प्रकार प्रभावित होता है ? समझाइए। (कोई **छः**)

**अथवा**

उद्यमिता विकास कार्यक्रम की उपलब्धियों का वर्णन कीजिए। (कोई **छः**)